अर्जुन हुए मेलबर्न रवाना

इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में अर्जुन कपूर एक अप्रत्याशित अतिथि के रूप में शामिल होने वाले हैं.

ओटीटी प्लेटफार्मों के माध्यम से डिजिटल दुनिया के दौर में और सोशल मीडिया पर उनके स्टारडम को देखते हुए, युवा अभिनेता कपूर इस मास्टरक्लास में स्टोरी टेलिंग में टेम्पलेट के बदलाव और फिल्म मेकर- निर्माता, अभिनेता और निर्देशक के साथ-साथ क्रू मेंबर भी इस बदलते दौर के साथ कैसे तालमेल बिठा रहे हैं, यह बातचीत राजीव मसंद द्वारा संचालित की जाएगी, जिसमें कपूर सिनेमा के महत्व, उसके बदलते स्वरूप और कैसे वे सिनेमा के इस परिवर्तन को अपना रहे हैं, इस बारे में अपने विचार बताएंगे. एक घंटे तक चलने वाला यह कार्यक्रम 11 अगस्त को आर्ट्स सेंटर मेलबर्न में होगा. बेहद खुश हुए अर्जुन कहते हैं, यह मास्टर क्लास सिनेमा के भविष्य के बारे में है और मैं पैनल पर अन्य सदस्यों के साथ और खासकर दर्शकों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करने को लेकर बहुत उत्सुक हूं. इस फेस्टिवल में जाने का यह मेरा पहला मौका है. ऑस्ट्रेलिया में मैं ऐसे लोगों से मिलना चाह रहा हूं जो भारतीय सिनेमा देखते हैं.